26 korba Bhoomi-pg1_Layout 1 12/26/2023 11:21 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 तीन साल से कम सेवा वाले हड़ताली डाक सहायकों को जारी हुआ नोटिस





हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

सामान्य कूपन 27 दिसम्बर 2023

कूपन नं. 16


## खबर संक्षेप

### उपचार हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही सुनिश्चित

**कोरबा।** जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्व चिकित्सालय में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त सभी 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैपए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयाँ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेण्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जाँच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कोरबा जिले के वृहद जलाशयों एवं लघु जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ सिंचाई उपलब्धि तथा रबी सिंचाई लक्ष्य का निर्धारण, खाद-बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता आदि अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### आईटीआई अप्रेंटिस संघ मिला सीएम साय से

**कोरबा।** भारतीय आईटीआई अप्रेंटिस संघ अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से मिलकर जिले के औद्योगिक संयंत्रों में आईटीआई डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं के भर्ती का मुद्दा उठाते हुए औद्योगिक संयंत्रों में भर्ती शुरू किए जाने की मांग की। संघ के अध्यक्ष सुशील निर्मलकर ने बताया कि एसईसीएल की खदानें जिले में संचालित है। इनके अलावा बालको, एनटीपीसी, सीएसईबी जैसे औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं और यहां पिछले लंबे समय से आईटीआई डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं की भर्ती नहीं हो रही है, जबकि इसके संबंध में एसईसीएल से लिखित में समझौता संघ के साथ हुआ है। इसके बावजूद समझौते पर एसईसीएल प्रबंधन अमल नहीं कर रहा है। कई औद्योगिक प्रबंधन आउटसोर्सिंग में कामगारों को रख रहे हैं। इसईसीएल में ही 30 से 40 हजार ठेका श्रमिक आउटसोर्सिंग में कार्य कर रहे हैं।

### जिल्गा बरपाली में बंटा बोनस प्रमाण पत्र

**कोरबा।** जिला स्तरीय बोनस वितरण कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम पंचायतों में एवं आदिवासी सेवा सहकारी समितियों में बोनस वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में ग्राम जिल्गा में भी बोनस प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम लघुवन वनोपज समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर राठिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रबंधक चंद्रेश कश्यप सहित गांव के गणमान्य नारिक, समिति के संचालक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। लगभग समिति के अंतर्गत आने वाले 100 से अधिक किसानों को बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# अब स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री करना हुआ महंगा, देना होगा 18 प्रतिशत जीएसटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जीएसटी के इस दौर में खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी लग रही है। ऐसे दौर में अब अपने लोगों को डाक भेजना भी महंगा होगा। डाक संचार विभाग के एक दिसंबर से लागू नए निर्देश के तहत अब स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री में भी 18 प्रतिशत जीएसटी उपभोक्ताओं देना होगा। पोस्ट ऑफिस पहुंचने पर उपभोक्ताओं से जब 18 प्रतिशत की जीएसटी की जानकारी होने पर उन्हें पहले की अपेक्षा ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। जीएसटी के दायरे से अब तक डाक विभाग अछूता था, लेकिन 1 दिसंबर से यह भी जीएसटी के दायरे में आ गया है। खाद एवं अन्य उपभोक्ता सामाग्रियों व सर्विस देने वाले कार्यों में जिस तरह 18 प्रतिशत जीएसटी पूर्व में लगाई गई थी उससे तो पहले से ही उपभोक्ता झेल रहे हैं और अब उन्हें अपने परिचितों व रिश्तेदारों को डाक विभाग के माध्यम से पत्र भेजना भी महंगा पड़ेगा। आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ शासकीय कार्यालय भी इसके चपेट में आ गए हैं। सबसे अधिक जीएसडी मार युवा वर्ग को झेलना पड़ेगा। जिनके द्वारा अपने कैरियर को लेकर विभिन्न संस्थानों प्रतिष्ठानों में दस्तोवज की हॉट कॉपी भेजी जाती है वह भी स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री के माध्यम से भेजा जाता है। युवा वर्ग भी डाक विभाग की इस महंगाई को झेलने वाला सबसे बड़ा वर्ग है। इनके अलावा व्यवसायी वर्ग भी प्रभावित होगा, जो आम तौर पर अपने कुछ सामानों को डाक विभाग के माध्यम से मंगवाते हैं। यहां अधिकतर शासकीय कार्यों में डाक विभाग की सेवाएं ली जाती है। इंटरनेट के इस दौर में भी डाक विभाग का महत्व कम नहीं हुआ है यह विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने से साबित हो रहा है।

## एक दिसंबर से डाक विभाग का नया नियम हुआ लागू

**खास बात**

- पोस्ट ऑफस पहुंचने पर उपभोक्ताओं को मिल रही जानकारी



**जीएसटी हुआ लागू**

डाक संचार विभाग का नया निर्देश डाक सेवाओं में 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने का निर्देश 1 दिसंबर से विभाग में लागू हो गया है। रजिस्ट्री व स्पीट पोस्ट में 18 प्रतिशत जीएसटी ली जा रही है। प्रति 20 ग्राम में 5 रूपये की बढ़ोत्तरी हो गई है।

-विजय कुमार दुबे, पोस्ट मास्टर, मुख्य डाकघर

## तीन दिन के अवकाश के बाद खुला बैंक

# बोनस का पैसा लेने बैंक में उमड़ पड़े थे किसान, पहले दिन ही कैश का शॉर्टेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को बीते दो वर्ष की बोनस राशि जारी किए जाने के बाद पहले दिन मंगलवार को जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। कोरबा मुख्य ब्रांच से लेकर पाली, पोड़ी उपरोड़ा, कटघोरा के ब्रांच में किसानों की उमड़ी भीड़ के कारण बैंकों को मिली राशि भी कम पड़ गई। धान खरीदी का भुगतान व बोनस का भुगतान एक साथ होने के कारण बैंकों में रकम के शॉर्टेज की स्थिति निर्मित हुई, दोपहर बाद राशि मिलने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

**खास बात**

- धान खरीदी और बोनस का पैसा एक साथ ले रहे किसान

प्रदेश के नई सरकार के द्वारा अपने पिछले कार्यकाल वर्ष 2013-14, 2014-15 के बोनस राशि एक साथ दिए जाने की घोषणा के बाद 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के खाते में राशि जमा कर दी गई। बोनस की उक्त राशि लेने के लिए मंगलवार को जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार तक किसानों को धान खरीदी के राशि का वितरण किया गया, उसके बाद शनिवार, रविवार, सोमवार तीन दिन अवकाश होने के कारण बैंकों को नई राशि का आबंटन नहीं हो सका था। मंगलवार को बैंक खुलते ही वर्तमान में चल रही धान खरीदी भुगतान की राशि लेने किसान बैंकों में उमड़ पड़े। वहीं दो वर्ष का बोनस लेने के लिए भी किसान पहुंचे हुए थे। जिससे सभी ब्रांचों में किसानों की भीड़ नजर आई। सर्वाधिक भीड़ जिला सहकारी बैंक की बरपाली शाखा में देखी गई। वहां देर शाम तक बैंक खुला रहा। हालांकि वितरण का कार्य 5 बजे तक किया गया। इसी तरह मेन ब्रांच कोरबा में भी किसानों की भीड़ नजर आई, जिसकी वजह से बैंक परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैंक के कर्मचारियों को स्थिति संभालनी पड़ी। दोपहर 2 बजे तक बैंक का पैसा खत्म होने पर तत्काल चेस्ट बैंक से राशि मंगाई गई तब कहीं जाकर किसानों को बोनस राशि मिल सकी।



जिला सहकारी बैंक की कोरबा शाखा में लगी किसानो की भीड़।

### एक्सिस बैंक है सहकारी बैंक की चेस्ट शाखा

जिला सहकारी बैंक की चेस्ट बैंक एक्सिस बैंक है। जहां से बैंको को उनके द्वारा राशि प्रदान की जाती है। जिला सहकारी बैंक के द्वारा वर्तमान में जितनी डिमांड एक्सिस बैंक के चेस्ट से मांगी जा रही है उतना नहीं मिल रहा है। 5 करोड़ की डिमांड में 3 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। 2 करोड़ का वितरण सहकारी बैंक की अन्य शाखाओं को किया गया है। डिमांड के अनुरूप फंड नहीं मिलने की वजह से भुगतान को लेकर लेटलतीफी हो रही है।

### बकाया बोनस राशि मिलने से किसानों के खिल उठे चेहरे



वरूण सिंह।



लम्बोदर पटेल।

धान का बोनस मिलने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए जिले के ग्राम बींझकोट के किसान लम्बोदर पटेल ने कहा कि उन्हें धान के बकाया बोनस के रूप में 5 लाख 81 हजार 400 रूपए मिले है। जैसे ही राशि उनके खाते के बोनस की राशि अंतरित हुई उनके खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इसके लिए धन्यवाद दिया। इसी तरह छुरी के किसान वरूण सिंह को भी सुशासन दिवस के अवसर पर धान के बोनस के रूप में 3 लाख 69 हजार 600 रूपए मिले हैं। उन्होंने भी इस बात पर अपनी खुशी जताते हुए कहा कि उनकों भी उम्मीद नहीं थी कि उन्हें बकाया बोनस कभी मिल पाएगा। लेकिन प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के आते ही अब उनके खाते में धान का लंबित बोनस आ गया है। इससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस राशि का उपयोग से वे खेत में फसल की उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति करने एवं उन्नत खाद-बीज खरीदने में करेंगे।

**धान खरीदी और बौनस का भुगतान एक साथ**

वर्तमान में चल रही धान खरीदी और बकाया बोनस राशि का भुगतान एक साथ किया जा रहा है। एक्सिस बैंक की चेस्ट से जितनी राशि की डिमांड की जा रही है उतना नहीं मिलने के कारण वितरण में देरी हो जाती है। उनके यहां 5 करोड़ की डिमांड है जिससे किसानों को बोनस और धान खरीदी का भुगतान किया जा सके।

-सरिता पाठक, ब्रांच मैनेजर, सहकारी बैंक, उरगा शाखा

### पहले दिन कोरबा ब्रांच से 60 लाख का भुगतान

पहले दिन जिला सहकारी बैंक की कोरबा शाखा से 60 लाख का भुगतान किसानों को किया गया। सुबह 11 बजे से भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो जाने से दोपहर 1.30 बजे तक बैंक में फंड की कमी हो गई जिसके कारण कुछ देर के लिए भुगतान रूका रहा। दोबारा चेस्ट बैंक से डिमांड राशि प्राप्त होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया पुनः शुरू हुई और शाम 5 बजे के बाद तक किसानों को भुगतान किया जाता रहा, जिसमें बोनस और धान खरीदी की राशि भी शामिल रही।

### बैंक की बरपाली शाखा से 1 करोड़ 10 लाख का भुगतान

किसानों की संख्या के मामले में जिला सहकारी बैंक की सबसे बड़ी शाखा बरपाली ब्रांच से 270 किसानों को 1 करोड़ 10 लाख का भुगतान किया गया। यहां भी 2.5 करोड़ की डिमांड बैंक शाखा के द्वारा की गई थी। जिसमें कुछ राशि ही बैंक को प्राप्त हुई, उससे किसानों को बकाया बोनस के साथ-साथ धान खरीदी की बोनस की राशि भी वितरित की गई। करतला ब्लॉक धान के सर्वाधिक उत्पादन वाला क्षेत्र है, जहां के किसानों को बरपाली शाखा के द्वारा ही बोनस व धान खरीदी की राशि वितरित की जाती है।

# एक माह में 25 रेत तस्करों पर गिरी खनिज विभाग की गाज



रेत से भरी जप्त हाईवा व ट्रेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बंद पड़े रेत खदानों से लाख सख्ती के बाद भी रेत तस्कर अपनी हरकतों से बात नहीं आ रहे हैं

**खास बात**

- 12 लाख रुपए वसूल की गई जुर्माना

और खदानों में घुसकर रेत की चोरी कर रहे हैं। इस महीने खनिज विभाग की टीम ने तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इस महीने अब तक खनिज विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन परिवहन के कुल 25 प्रकरण दर्ज किए हैं। जिनसे विभाग ने 12 लाख 6 हजार 195 रुपए बतौर जुर्माना वसूलकर तस्करों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरण स्वीकृति के अभाव में जिले के रेत खदान बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्करों द्वारा गाहे बगाहे रेत की चोरी की जाती है। जिनके खिलाफ कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार व उनकी टीम द्वारा रेत तस्करों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर महीने में अब तक खनिज विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन और परिवहन के कुल 25 प्रकरण दर्ज किए हैं। जिसमें रेत चोरी के सबसे अधिक 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जबकि अवैध मिट्टी उत्खनन और परिवहन के दो प्रकरण व रेत के अवैध परिवहन के दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं। बताया जाता है कि इस महीने खनिज विभाग में 12 लाख 6 हजार 195 रुपए बतौर जुर्माना रेत तस्करों से वसूली की है। खनिज विभाग के अधिकारियों मुताबिक विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और रेत तस्करों को बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी ताकि रेत तस्करी पर विराम लगाया जा सके।

### दीपका खदान से आयरन पाइप सहित एंगल की चोरी

**कोरबा।** दीपका परियोजना में सुरक्षा प्रभारी के पद पदस्थ मनोज तिवारी ने दीपका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 दिसंबर को वह ड्यूटी पर था। इसी दौरान शाम लगभग 6.30 बजे वर्कशाप के बाउंड्री के बगल मे एक अज्ञात बोलेरो पिकअप वाहन द्वारा पिकअप मे लोड आयरन पाईप, एंगल, आयरन छड़, कटिंग टूल्स सहित कुल 50 हजार रुपए के माल की चोरी कर ले जा रहा था। जिससे पूछताछ करने पर उक्त वाहन चालक वहां से फरार हो गया। मामले में अज्ञात बोलेरो पिकअप चालक के विरुद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# माकपा ने एसईसीएल को थमाया घेराव का नोटिस



ज्ञापन देते माकपा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों को विगत तीन वर्षों का फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और छत्तीसगढ़ किसान सभा के साथ बैठक करने के बाद माकपा के नेतृत्व में एसईसीएल के कोरबा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर 2 जनवरी को कोरबा मुख्यालय घेराव का नोटिस थमा दिया है।

**खास बात**

- 2 जनवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव

ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से माकपा जिला सचिव प्रशांत झा,किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर,दीपक साहू,के साथ प्रभावित किसान महिपाल सिंह कंवर,गणेश राम चौहान उपस्थित थे। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा और छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने बताया कि बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की भूमि वर्ष 2009 से कृषि कार्य करने योग्य नहीं रह गई है। इससे किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वर्ष 2019-20 तक ⏭ शेष पेज 3 पर

### नव वर्ष पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कोरबा।** वर्ष 2024 में जिले में रहने वाले स्थानीय अवकाश की घोषणा कर दी गई है। कलेक्टर सौरभ कुमार ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए है। इस वर्ष जिले में तीन दिन स्थानीय अवकाश रहेगा। 2 सितंबर को पोला, 11 अक्टूबर को दशहरा तथा 1 नवंबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित रहेगा।

# युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंपहाउस बस्ती की है। यहां निवासरत पोषण चौहान 35 वर्ष पिता धीरज चौहान की मंगलवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पोषण चौहान की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि पोषण चौहान के परिजन कोलकाता में निवास करते हैं उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्यवाही होगी। परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी गई है। बताया जाता है कि बुधवार को उनके परिजन कोरबा पहुंचेंगे इसके बाद पंचनामा की कार्रवाई होगी और पोस्टमार्टम के उपरांत मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## 47 पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी भेजे गए देहात के थाने

# पुलिस विभाग में कसावट लाने हुई जंबो सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने मंगलवार को जिले के 47 अधिकारी कर्मचारियों का तबादला किया है जिनमें सहायक उप निरीक्षक संतराम सिन्हा कुसमुंडा से थाना पसान, सहायक उप निरीक्षक राकेश गुप्ता सिविल लाइन से थाना कुसमुंडा, ललित जायसवाल दर्री से सिविल लाइन रामपुर, प्रधान आरक्षक संदीप पांडे कटघोरा से पुलिस लाइन, शिवराज सिंह थाना श्यांग से थाना पाली, मनोज कुमार तिवारी चौकी मोरगा से थाना दर्री, गोपाल प्रसाद साहू थाना कोतवाली से थाना करतला, लक्ष्मण सिंह सिदार थाना करतला से थाना कोतवाली, नान्हे सिंह राज करतला से पुलिस चौकी मानिकपुर, सेल्वेस्टर मिंज सर्वमंगला चौकी से थाना लेमरु, नमो कुमार थाना बांकीमोगरा से थाना बांगो, नीलेंद्र सिंह थाना बांगो से पुलिस सहायता केंद्र सर्वमंगला, प्रधान आरक्षक जलवेश कंवर थाना पसान से पुलिस लाइन, शैलेंद्र भोसले थाना दर्री से थाना पसान, पंचूराम सिदार चौकी रजगामार से थाना पाली, आरक्षक अजय कुमार महिलांगे थाना हरदीबाजार से चौकी रजगामार, जयप्रकाश सिंह लेमरु से थाना बांगो, श्याम कुमार सिदार थाना पसान से थाना कोतवाली, वीरेंद्र पटेल थाना श्यांग से थाना कटघोरा, महिला आरक्षक इंदु सिंह राजपूत एसडीओपी कार्यालय कटघोरा से थाना पाली, दीपक तिवारी डीपीसीआर से थाना पाली, संदीप सिंह लेमरु से पुलिस लाइन, संजय चंद्रा थाना लेमरु से पुलिस लाइन, पुष्पेंद्र कुर्रे पुलिस लाइन से थाना कटघोरा, कमलेश्वर प्रसाद पुलिस लाइन से थाना पाली, नरेश बंजारे पुलिस लाइन से थाना पाली, भुवनेश्वर ⏭ शेष पेज 3 पर

26 korba Bhoomi-pg2_Layout 1 12/26/2023 11:24 PM Page 1





# यह देश गांधी जी ही नहीं सुभाष चंद्र बोस का भी है

**मुंबई।** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऑपरेशन वैलेंटाइन को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है। फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।

## लाइफ Style



# फरहीन

## इस हीरोइन को लोग कहते थे माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड में 90 का दशक बेहद सुनहरा था। इसी दौरान बॉलीवुड को शाहरुख खान, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे सुपरस्टार्स मिले। वहीं कई ऐसे सितारे भी उभरे जो रातोंरात ही दर्शकों के दिलों पर छा गए, लेकिन फिर देखते ही देखते वह कहीं खो भी गए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

**मुंबई।** ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं फरहीन, जो अपनी पहली फिल्म 'जान तेरे नाम' से ही हिट हो गईं, क्योंकि वह माधुरी दीक्षित की तरह नजर आती थीं। उनकी तुलना माधुरी से होने लगी और उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। लेकिन अपने करियर के पीक मोमेंट में फरहीन ने एक दिन एक क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी रचा ली और हमेशा के लिए इस फिल्मी दुनिया को छोड़ गई और अब हैं करोड़ों के बिजनेस की मालकिन। फहरीन को क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से प्यार हो गया, जो पहले से शादीशुदा थे, हालांकि उनकी शादी में परेशानी चल रही थी। फरहीन और मनोज एक जिम में मिले और उनके बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हुआ। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे, साल 2009 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों ने शादी कर ली।इस फिल्म के बाद फरहीन को अक्षय कुमार के साथ फिल्में करने का मौका मिला। फरहीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म नजर के सामने में दिखीं। वहीं फिल्म सैनिक में भी फरहीन और अक्षय कुमार ने स्क्रीन शेयर किया।

साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'जान तेरे नाम' से फरहीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने तो आज तक याद किए जाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्सपैट्स का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** प्राइम वीडियो ने 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसका निर्देशन लुलु वांग ने किया है। यह छह भाग की श्रृंखला है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी को दो एपिसोड के साथ होगा। ट्रेलर रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। एक्सपैट्स श्रृंखला में अभिनेता निकोल किडमैन, सरयू ब्लू, जी-यंग यू, ब्रायन टी. मेडवे और जैक हस्टन शामिल हैं। किडमैन और लुलु वांग श्रृंखला में कार्यकारी निर्माता है।



# अली वोंग ने दी तलाक के लिए अर्जी

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस-कॉमेडियन अली वोंग ने अपने पति जस्टिन हकुता से तलाक के लिए अर्जी दायर की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की पुष्टि होने के लगभग दो साल बाद बेवर्ली हिल्स में आवेदन दायर किया और कड़े मतभेदों का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, वोंग ने अपनी शादी के पहले के एग्रीमेंट को लागू करने के लिए कहा है। दंपति वर्तमान में अपनी संपत्ति और बच्चे को लेकर निर्णय लेने के लिए मध्यस्थता कर रहे हैं। 2014 में शादी के बंधन में बंधे इस कपल की दो बेटियां है। कॉमेडियन ने अपनी बेटियों की ज्वांइट लीगल और फिजिकल कस्टडी का अनुरोध किया। वोंग ने बताया कि वह और पूर्व गुडआरएक्स वीपी अभी भी वास्तव में बहुत करीब हैं और सबसे अच्छे दोस्त भी हैं। उन्होंने आगे बताया था कि हम एक साथ बहुत कुछ कर चुके हैं। यह बहुत ही अपरंपरागत तलाक है। वोंग कई टीवी शो में काम कर रही हैं, जबकि हकुता एक सफल उद्यमी हैं।



# मर्दानी 3 में नजर आएंगी रानी...


**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे।



# झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी दीपिका

**मुंबई।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नए कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप में दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नए अंदाज में थिरकती नजर आएंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी' पीती दिखाई देंगी। बिसलेरी ड्रिंकअप कैंपेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है। दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा कि हमारा नया कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाकर उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा की पाखी ने तीन साल बाद शो छोड़ते वक्त लिखी दिल की बात

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में बड़ी तेजी से नाम कमाने वाले शो अनुपमा से जुड़ी एक खबर है। आखिरकार अनुपमा की एक्ट्रेस मुस्कान बामने ने शो छोड़ दिया। टीवी शो में पाखी का रोल प्ले करने वाली मुस्कान ने तीन साल बाद शो को अलविदा कहा है, इस दौरान वे इमोशनल हो गई हैं। उन्होंने अपने सोशल पेज पर एक लंबा पोस्ट लिखा है।

### हिंदी में लिखा पोस्ट, की सबकी तारीफ

मुस्कान अनुपमा में पहले दिन से ही थीं. बतौर पाखी उन्होंने शो में अच्छी पहचान भी बना ली थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फोटो में अनुपमा की पूरी स्टारकास्ट दिख रही है। शो में उनकी मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली और पिता वनराज भी दिख रहे है।

### आपके आशीर्वाद से मैं मुकाम पर हूं : मुस्कान

मुस्कान ने अपना पोस्ट हिंदी में लिखा है. उन्होंने कहा- जैसे कि एक बीज जमीन की तह से जुड़कर जल वायु और प्रकाश के संरक्षण में रहकर अंकुरित होता है। धीरे धीरे एक दिन बहुउपयोगी विशाल वृक्ष बन जाता है, ठीक कुछ ऐसे ही मेरी भी स्थिति है। आज मैं जो भी हूं, आप सभी के सहयोग आशीर्वाद और प्यार के बदौलत ही इस अच्छे मुकाम पर हूं।

### अनुपमा ने किया है रिप्लाई


शो में मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस पोस्ट पर रिप्लाई किया है। उन्होंने इस्टाग्राम पर ही रिप्लाई में लिखा है- मेरा शानदार परफॉर्म करने वाला बच्चा। तुम्हारे लिए पूरा आकाश खुला है, और उड़ान भरो। तुमने जाने-अनजाने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मेरी अनुपमा के लिए सबसे तेढ़ी स्वीटी बनने के लिए थैंक्यू. गॉड ब्लेस यू ऑलवेज मुस्की। वनराज यानी सुधांशु पांडे ने लिखा है- तुम हमेशा एक ब्लेस्ड चाइल्ड रही।

### क्यों छोड़ा शो?

मुस्कान का कहना है इसी उम्र में वो मां का रोल प्ले नहीं करना चाह रही हैं, इसलिए तीन साल के बाद उन्हें अनुपमा शो छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ये मेरे लिए अब काम नहीं कर रहा था। मेकर्स नया ट्रैक ला रहे थे जहां मुझे मां को रोल प्ले करना पड़ता। वो दिखाना चाहते हैं कि मैं आईवीएफ के जरिए मां बनूंगी। इतनी एज में मैं मां को रोल नहीं प्ले करना चाहती। 24 साल की मुस्कान के मन में शो छोड़ने का कोई गम नहीं है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को रोल करुंगी तो मेरे पास आगे चल कर ऐसे ही रोल आने के चांसेज रहेंगे। इसलिए मैं कुछ और भी ट्राई करना चाहती हूं।

# 'सालार' और 'डंकी' के साथ रिलीज हुई एक्वामैन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

मुंबई। डीसी यूनिवर्स के सुपरहीरो एक्वामैन की दूसरी फिल्म एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम 22 दिसंबर को रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अब तक कुल करीब 9.34 करोड़ के आसपास की कमाई की है। यहां जानते हैं फिल्म ने किस दिन कितनी कमाई की और क्या ये फिल्म 2018 में आए पहले पार्ट की कमाई को छू भी पा रही है या नहीं? एक्वामैन 2 की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो अंग्रेजी वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 120 मिलियन डॉलर की बेहतरीन कमाई कर ली है।




### किस दिन कितनी कमाई की है फिल्म ने?

बॉक्स ऑफिस में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एक्वामैन 2 ने पहले दिन 3 करोड़, दूसरे दिन 1.51 करोड़ और तीसरे दिन 2.26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई 2.57 करोड़ के आसपास रही। इस तरह से फिल्म ने इंडिया में अब तक कुल 9.34 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस किया है। एक्वामैन का पहला पार्ट साल 2018 में आया था। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ कमाए थे। वहीं इसका ओपनिंग वीकेंड 24.25 करोड़ था।

### दो बड़े स्टार्स की फिल्म ने रोकी रफ्तार

एक्वामैन के साथ भारतीय सिनेमा के दो बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज हुई हैं। शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शकों का लंबे समय से था। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में ठीकठाक रिव्यू होने के बावजूद एक्वामैन इन दोनों फिल्मों के बीच में पिसती हुई नजर आ रही है।

# उमंग 2023: इवेंट में लगा सितारों का मेला...




**मुंबई।** शनिवार रात को मुंबई पुलिस एनुअल इवेंट उमंग 2023 में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। बता दें कि इस इवेंट को पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए रखा जाता है। इसमें बॉलीवुड सेलेब्स, बिजनेसमैन, सोशल वर्कर और पॉलिटिकल लीडर शामिल होते हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, तब्बू, दीपिका पादुकोण, पंजाब की कटरीना कैफ शहनाज गिल, आलिया भट्ट, टीवी इंडस्ट्री की 'नागिन' यानी तेजस्वी प्रकाश ने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा।

## एक फिल्म के लिए तो टॉकिज के बाहर चल गई थीं गोलियां

# सिर्फ 30 रुपए लेकर पहुंचा मुंबई, वहीदा संग हिट रही जोड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मी दुनिया को सदाबहार एक्टर जो जब-जब पर्दे पर नजर आता फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं होता था। 1946 में फिल्म 'हम' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले वो एक्टर देवानंद थे जिन्होंने छह दशकों तक इंडस्ट्री पर राज किया। वह एक सिनेमाई आइकॉन बने और हिंदी सिनेमा को कुछ ऐसी फिल्में दीं, जो यादगार बन गई। 60-70 के दशक का वो सुपरस्टार जिसकी एक झलक पाने के लिए फैंस लंबी लाइन लगाकर इंतजार किया करते थे। अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो सिनेमाघरों से उतरने का नाम ही नहीं लेती थी लेकिन उनकी एक फिल्म ऐसी भी जिसमें टॉकिज के बाहर गोलियां चल गई थीं।



### सिने जगत के हर कॅरियर में यादगार रहे देवानंद

देवानंद ने अपने करियर में एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने लगभग 35 फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें से 18 बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। 13 फिल्मों की तो कहानी भी देवानंद ने खुद ही लिखी थी। अपने करियर में उन्होंने बाजी, टैक्सी ड्राइवर, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, हम दोनों, गाइड और ज्वेल थीफ जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो यादगार बन गई।

### लाहौर से 30 रुपए लेकर दिल्ली पहुंचे

*साल 1943 में अपनी जेब में 30 रुपए लिए लाहौर से बंबई तक का सफर करने वाले इस अभिनेता ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन इंडस्ट्री पर यूं राज करेंगे। उनकी फिल्मों में काम करने का एक्ट्रेसेस का सपना हुआ करता था। वहीदा रहमान संग जिनकी हिट थी जोड़ी वो एक्टर कोई और नहीं देवानंद ही थे।*

### देवानंद के काले कपड़े पहनने पर लगा बैन

*देवानंद का गर्दन झुकाने का गजब अंदाज, काली पैंट शर्ट और गले मफलर लेने वाला स्टाइल भी काफी फेमस हुआ था। उन दिनों सफेद शर्ट पर काला कोट पहनने का स्टाइल ट्रेंड करने लगा था, हालांकि बाद में उनके काले कपड़ने पहनने पर ही बैन लगा दिया गया था। उनकी फीमेल फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी। कितनी ही लड़कियों ने उनके लिए अपनी जान गवां दिया करती थीं।*

### जॉनी मेरा नाम में चली गोलियां, दो की हुई थी मौत



सुपरस्टार देवानंद की फिल्म देखने के लिए धूप में घंटों खड़े होकर टिकट लेने का इंतजार किया करते थे। इनकी फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' की तो लोगों को टिकट मिलना ही मुश्किल हो गया था। अनु कपूर कपूर ने अपने शो में बताया था कि उस वक्त जमशेदपुर के एक सिनेमाघर के बाहर फिल्म के टिकट के लिए गोलियां तक चल गई थीं, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई थी। एक सप्ताह के लिए नटराज टॉकिज को बंद कर दिया गया था।

### पहली कलर फिल्म गाइड रही सक्सेसफुल

1965 में आई फिल्म 'गाइड' में देव आनंद के काम को काफी सराहा गया था। फिल्म में वहीदा रहमान और उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। ये देव साहब की पहली कलर फिल्म थी। ये फिल्म वहीदा रहमान के करियर की बेस्ट फिल्म साबित हुई थी। आर के नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित फिल्म 'द गाइड'उस साल की बड़ी हिट साबित हुई थी।



26 korba Bhoomi -pg3_Layout 1 12/26/2023 11:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### बिंझरा में किसानों को किया गया बोनस वितरण

**कोरबा।** बकाया बोनस राशि वितरण कार्यक्रम की कड़ी में पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम बिंझरा में बोनस वितरण कार्यक्रम जनपद सदस्य अनिता यादव, उपसरपंच शिव कुमारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बिंझरा के आश्रित ग्राम के भी किसान उपस्थित थे, जिन्हें बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य अनिता यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में की गई सभी घोषणाओं पर अमल शुरू कर दिया है। बोनस राशि का वितरण का वादा सबसे पहले पूरा किया गया है। अन्य घोषणाएं भी पूरी की जाएगी। उप सरपपंच शिवकुमारी ने भी संबोधित किया। भाजपा नेता विष्णु यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 15 साल जब सत्ता में थी तब भी किसानों के हित में निर्णय लिया गया और वर्तमान में भी किसानों के हित में पार्टी निर्णय लेगी। कार्यक्रम में रघुनंदन जायसवाल, मनोज डिक्सेना, शंभू शरण, लक्ष्मी तिवारी, नंद कुमार आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य केंद्रों में चला स्वच्छता अभियान



**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस. एन. केसरी के मार्गदर्शन में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन मापदंडों को पालन करते हुए उनके जन्मदिवस पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उपस्थित लोगों को सुशासन की शपथ दिलाई गई तथा सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय, अस्पताल परिसर की साफ सफाई की गई साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ ने कहा कि देश के सभी लोगों को अपने नागरिक होने के दायित्वों का पालन करना चाहिए। सभी के लिए यह आवश्यक है, कि वे वास्तविक अर्थों में देश के विकास के लिए आत्मनिर्भर बनें।

### भाजपा नेता के कार्यालय में मना सुशासन दिवस



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपई का जयंती को सुशासन दिवस के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र पांडे के रिसदी स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं के मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्री पांडे ने कार्यकर्ताओं से श्री अटल बिहारी वाजपेई के बताए रास्ते पर चलने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से संजीव शर्मा, शिव चंदेल ,सुशील पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 27 दिसंबर को विकासखंड कोरबा के ग्राम लेमरू, केऊबहार, अरेतरा में 10 बजे से तथा अरसेना एवं कटरूवां मे 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम शुक्लाखार में 10 बजे से और देवरी में 2 बजे से, पोडी उपरोडा ब्लॉक के धजाक में 10 बजे से, मोरगा में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़मार में 10 बजे से तथा पीड़यिा मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम कपोट में 10 बजे से और वनबांधा में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है।

### जिला पंचायत सभागार में विकसित भारत का लिया संकल्प

**कोरबा।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभागार में श्री बाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि श्री बाजपेयी की आकांक्षा अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं। सीईओ श्री विश्वदीप ने पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की संकल्पना के अनुसार सुशासन दिवस पर विकसित भारत का संकल्प सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिलाया। उन्होंने कहा कि सुशासन लाने के लिए जिले में हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत बहुत से ग्रामीणों को पक्के आवासों का निर्माण करके लाभान्वित किया गया है।

## श्री अय्यप्पा मंदिर सेवा समिति का आयोजन

# मंडल पूजा महोत्सव का 41वां दिन, आज होंगे विविध अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री अय्यप्पा शनिश्वर स्वामी की 41 दिवसीय चलने वाली मंडलकाल पूजा महोत्सव का विधान 27 दिसंबर को सुभाष ब्लाक स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में होगा। मंडल पूजा महोत्सव की इस विशेष पूजा की तैयारी मंदिर प्रबंधन द्वारा कर ली गई है। मंडलकाल महोत्सव में 41वें दिवस की इस पूजा का विशेष महोत्व होता है। जिसमें मलयाली समाज ही नहीं वरन सर्व समाज के लोग शामिल होकर पुण्य के भागी बनेंगे।

श्री अय्यप्पा सेवा समिति द्वारा एसईसीएल सुभाष ब्लाक द्वारा मंडलकाल पूजा की शुरुआत 17 नवंबर को आस्था व उल्लास के साथ की गई थी। मंडलकाल पूजा के तीन दिन खास होते हैं। जिसमें पहला दिन के बाद 12वें दिन की मंडलकाल पूजा व उसके बाद 41 वें दिन होती है। वहीं इस पूजा का विधिवत समापन 15 जनवरी को मकर संक्रांति महोत्सव के साथ होगा। श्री अय्यप्पा सेवा समिति के महासचिव सुब्रमण्यम के व अध्यक्ष सीएस राजेश ने बताया कि मानव मात्र के सर्वकल्याण के लिए यह विशेष अनुष्ठान हरिहरपुत्र शबरीगिरिवासन भगवान श्री अय्यप्पा स्वामी की कृपा से आयोजित होता है। इस वर्ष मंडल पूजा के 41वें दिन 27 दिसंबर को होने वाले संपूर्ण पूजा, दीपमाला, अन्नदान भंडारा जमनीपाली निवासी ज्योतिलक्ष्मी के सौजन्य से होगा। पुष्पाभिषेक, आतिशबाजी केजी नायर, सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर जमनीपाली द्वारा व पवित्र अठारह सीढ़ी पूजा एसके नायर द्वारा संपन्न कराई जानी है। मंदिर सेवा समिति के प्रबंधन ने इस पूजा में नगरवासियों से शामिल होने आह्वान किया है।

## अप्पू गार्डन किराए पर देने के लिए निगम ने चौथी बार मंगाया आवेदन

**कोरबा।** अप्पू (विवेकानंद) उद्यान के संचालन को लेकर ठेका फर्म रूचि नहीं ले रहे हैं, जिससे ठेका नहीं हो पा रहा है। जबकि नगर निगम बार-बार इसकी कवायद में लगा हुआ है। आवेदन तो मंगाए जा रहे हैं, मगर ठेकेदारों की इसमें दिलचस्पी नहीं है। अप्पू (विवेकानंद) उद्यान को किराए पर देने के लिए निगम ने चौथी बार आवेदन मंगाया है। उद्यान के बदहाल स्थिति को देखते हुए कोई भी फर्म इसे चलाने में रूचि नहीं ले रहा है, तो दूसरी तरफ उद्यान का संचालन ठंडे बस्ते में है, इसलिए कैफेटेरिया परिसर में भी ताला लगा हुआ है। विवेकानंद उद्यान में एक करोड़ 99 लाख की लागत से कैफेटेरिया का निर्माण कराया गया था। नीचे में पार्किंग बनाया गया है, जिसमें एक साथ 100 कार व 500 बाइक रख सकेंगे। इसके ऊपर में कैफेटेरिया के साथ इंडोर गेम्स भी रहने का दावा कर परिसर का निर्माण कर दिया गया। करीब 4 साल बाद बने कैफेटेरिया उद्घाटन के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है, जिससे लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही ट्राय ट्रेन भी खराब पड़ा है, जो बच्चों के मनोरंजन के लिए सबसे बड़ा साधन है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 28 दिसंबर की दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कोरबा जिले के वृहद जलाशयों एवं लघु जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ सिंचाई उपलब्धि तथा रबी सिंचाई लक्ष्य का निर्धारण, खाद-बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता आदि अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### बिजली की मुख्य लाइनों की मैपिंग का काम शुरू

**कोरबा** । बिजली कंपनी की प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट ने बिजली की मुख्य लाइनों की मैपिंग का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए पूर्व में सर्वे कराया गया था। यह काम पूरा होने के बाद हर लाइन का ऑनलाइन रिकॉर्ड मिल सकेगा। अभी नई लाइनों से इसकी शुरूआत की गई है। बाद में पुरानी लाइनों की मैपिंग कराने का भी सर्वे कार्य कराया जाएगा। बिजली आपूर्ति व्यस्था में सुधार को लेकर केन्द्र की आरडीएसएस (रिवैम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) से अनेको काम कराया जाना है। पहले चरण में योजना से बिजली चोरी रोकने खुले तार को केबलिंग, कृषि पंपों के लिए अलग फीडर देने, लाइन छोटी करने सर्वे के बाद अब काम शुरू करा दिया है। साथ ही बिजली की मुख्य लाइनों की मैपिंग का काम भी चालू हो गया है।

# रासेयो शिविर का पुरस्कार वितरण व समापन समारोह



शिविर में उपस्थित वार्डवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

**खास बात**

- ग्राम उड़ता में आयोजित था शिविर, शामिल हुए विधायक

राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की भावी युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक सक्रिय योजना है। इसके अंतर्गत युवाओं को विशिष्ट शारीरिक, बौध्दिक, सांस्कृतिक, एवं सामाजिक विधाओं में प्रशिक्षण देने हेतु समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रावधान है। इसी कड़ी में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबंध शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की महिला एवं पुरुष इकाई का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उड़ता, विकासखण्ड - पाली में "नशामुक्त समाज के लिए युवा" की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पुरुस्कार वितरण व समापन समारोह में मुख्य अतिथि आदरणीय मुकेश जयसवाल जी (सभा पति जनपत पंचायत पाली)शुभ करकमलों द्वारा हुआ। संस्था प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा के संरक्षण व मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अखिलेश पाण्डेय ने रा.से.यो. के समस्त पहलुओं से सभा को अवगत कराते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित हो रहे उक्त शिविर में छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास, साइबर क्राइम, यातायात के नए नियमों की जानकारी, जल संरक्षण, नशा मुक्ति हेतु मुहिम, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण जागरुकता, योग का विशेष प्रशिक्षण, एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जागरुकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

## स्वागत...



**कोरबा।** विधायक लखनलाल देवांगन को छत्तीसगढ़ प्रदेश में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद उनके प्रथम नगर आगमन पर भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं में गजब का विश्वास और जोश देखने को मिला एवं भव्य आतिशबाजी, ढोल ताशे के साथ प्रथम नगर आगमन पर उनका स्वागत किया गया। दर्री मण्डल के महामंत्री एवं पूर्व पार्षद संजय कुर्मवंशी, मण्डल अध्यक्ष ईश्वर साहू, महामंत्री मनोज लहरे, सोनू सरदार, विजय मिरी, नारायण सिंह ठाकुर, तुलसी ठाकुर, राजू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## बाइक पर घूमने निकले छात्रों को ट्रक ने कुचला, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

मंगलवार की सुबह एनएच 43 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो नाबालिग दोस्तों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक सवारों को रौंदते हुए फरार हो गया। इस घटना के पीछे मुख्य वजह तेन रफ्तार के साथ ही कोहरे को भी बताया जा रहा है। कोहरा अधिक होने के कारण चालक को बाइक नजर नहीं आई होगी। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले में मर्ज कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम भटको निवासी 15 वर्षीय हेमंत आ. हरि भजन मंगलवार की सुबह अपनी बाइक से घूमने के लिए निकला था। किशोर बाइक से पहले अपने साथी शांतिपारा निवासी 14 वर्षीय अमरिकन आ. संजीवन के पास पहुंचा जहां से दोनों बाइक करामनक सीजी 15 डीवी 9067 से लालमाटी की ओर आ रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे नाबालिग लड़कों को ट्रक चालक कुचलते हुए फरार हो गया। घटना के बाद दोनक शव सड़क पर ही पड़े हुए थे जिससे वाहनों के पहिए थम गई और एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी चंद्र प्रताप तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जिसके बाद शवों को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आवागमन शुरू कराया गया। पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## कार्डियोलाजिस्ट डॉ. सतीश आज व कल शहर में



**हेल्थ प्लस**

**कोरबा** इस कोरोना काल में लंबे समय तक चले लॉकडाउन के कारण व अभी भी मरीजों को बेहद परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है व उन्हें उचित उपचार व परामर्श नहीं मिल पा रहा है। इस विपरित परिस्थिति में मरीजों की असुविधा को देखते हुए प्रदेश के सुप्रसिद्ध व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सुर्यवंशी 27 को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक एवं 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना परामर्श देगें। ज्ञात रहें डॉ. सतीश सुर्यवंशी लंबे समय से प्रदेश में अपनी सेंवाए दे रहे है पूर्व में वह फोर्टिस एस्कार्ट में प्रिंसिपल कन्सल्टेंट थे वर्तमान में वह एस.एम.सी. हॉस्पिटल रायपुर के डायरेक्टर है डॉ. सतीश सुर्यवंशी एन.के.एच. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कोसाबाड़ी निहारिका रोड, कोरबा (छ.ग.) में अपनी सेवाएं देने उपस्थित रहेंगे। हृदय रोग से संबंधित सभी मरीज, जिन्हे सांस लेने में तकलीफ हो, बार - बार पसीना आता हो, सीने में जलन और दर्द, उच्चरक्तचाप, मधुमेह व अन्य हृदय संबंधी विकार से ग्रसित रोगी संपर्क कर सकता है।

## नगर में निकाली गई धूमधाम से निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



निशान यात्रा में शामिल महिलाएं।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम बाबा के प्रेमियों के द्वारा निशान यात्रा की धूमधाम के साथ निकाली गई। निशान यात्रा की शुरुआत कारखाना एरिया स्थित माँ महागौरी मन्दिर से की गई। इस अवसर पर सभी महिलाओं बालिकाओं व बच्चों द्वारा सैकड़ों की संख्या में हाथ में बाबा श्याम का निशान यात्रा उठाया गया। ततपश्चात सभी नंगे पैर कारखाना एरिया से मुख्य मार्ग होते हुए न्यू बस स्टैंड शहीद वीरनारायण चौक तक जाने के पश्चात कार्यक्रम स्थल अग्रसेन भवन पहुंचे। इस बीच श्याम प्रेमियों के साथ ही नगर के भक्तगणों के द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठान के बाहर यात्रा में शामिल सभी श्याम प्रेमियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। 26 जनवरी को श्याम बाबा का भव्य भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्तीपुर से रश्मि शर्मा, दिल्ली से शीतल पांडेय व कोलकाता से प्रकाश मेहरा के सांथ आस पास के कलाकारों के द्वारा श्याम भजन की प्रस्तुति दी जायेगी।

## चारों विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र रामपुर, पाली-तानाखार, कटघोरा विधानसभा का चुनावी समीक्षा किया गया जिसमें रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया ने रामपुर में कांग्रेस की जीत का श्रेय रामपुर क्षेत्र की जनता और मतदाताओं को देते हुए कहा कि रामपुर में मुझे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी समाजों का भरपूर समर्थन मिला जिसकी वजह से जीत दर्ज करने में सफलता मिली। कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि चुनाव में हार-जीत होती है लेकिन चुनाव के परिणाम आने के बाद जिन-जिन कारणों से हार हुई, उन कमियों को आने वाले समय में दूर करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में एकजुटता के साथ जुट जाना होगा।पाली-तानाखार क्षेत्र से आये वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता राजकुमार महंत ने कहा कि पाली-तानाखार क्षेत्र को कांग्रेस के गण के रूप में जाना जाता है।इसके बावजूद यहां से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा जो दुखद है। चुनाव के दौरान जो जो कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज रहे और विरोध में कार्य किये उनके स्थान पर नये युवा चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों ने भी सुझाव दिया। बैठक मे कांग्रेस स्थापना दिवस के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 138 वर्ष पूरे कर रही है। इस दिन जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय सहित सभी वार्ड व मतदान केन्द्रों में प्रातः 9 बजे पार्टी का झंडा फहराते हुए हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया जावेगा।



## उतरदा मोहल्ला में क्षेत्रवासी श्रीमद् भागवत कथा का कर रहे रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



भगवताचार्य

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन उतरदा मोहल्ला नावाडीह में 22 से 30 दिसंबर तक होने जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 बजे से हरी इच्छा तक भागवताचार्य पंडित प्रेमशंकर चौबे के द्वारा मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के चौथे दिन जल भरत चरित्र, अजामिल उपाख्यान, नरसिंह अवतार का कथा का रसपान कराया गया। कथा में महाराज के द्वारा गंगा रूपी रसपान कराते हुए भगवान श्री विष्णु जी के अनंत अवतार से जुड़े कथा का रसपान कराया गया हरि के भक्ति में भगत प्रहलाद ने हरी नाम का जाप करते हुए भक्ति के मार्ग पर लोगों को चलाया व ही प्रहलाद का पिता राक्षस राज हिरणा कश्यप के द्वारा हरि के नाम जपने वाले पर अत्याचार कर मृत्युदंड दे दिया करता था वही पुत्र भक्त प्रहलाद ने भगवान विष्णु जी के गुणगान करते हुए अपना तन मन हरि के नाम पर अर्पण कर दिया था जिसके ऊपर अन्य प्रकार की अत्याचार करते हुए भक्त प्रहलाद को मृत्युदंड दिया लेकिन भगवान विष्णु जी के कृपा से भक्त प्रहलाद की एक बाल बांका नहीं कर सका वही भगवान विष्णु जी घर में लगा बीम दीवाल तोड़कर भगवान नरसिंह के अवतार के रूप में प्रकट हुआ और हिरणा कश्यप का वध किया। महाराज जी ने सभी श्रोताओं को अपने मुखार बिन से कथा का रसपान कराया इस दौरान उपस्थित श्रीमती श्यामा देवी शुक्ला, पुष्पेंद्र शुक्ला, नंदनी शुक्ला ,फलेंद्र शुक्ला, कल्पना शुक्ला, मुन्नी देवदत तिवारी, चुन्नी कुशल प्रसाद पांडे, शुभम शुक्ला, तारा शंकर शुक्ला राधे शुक्ला जय प्रकाश शुक्ला, अदिति , अनय सहित ग्रामीण जन के स्त्रोतों ने कथा का रसपान करते हुए पुण्य का लाभ लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### माकपा ने...

का फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा एसईसीएल प्रबंधन को देना पड़ा है लेकिन इसके बाद वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक का तीन वर्षों का मुआवजा अभी तक लंबित है। अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा द्वारा किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर क्षतिपूर्ति व मुआवजा देने के लिए एसईसीएल कोरबा प्रबंधन को पत्र देने के बाद भी किसानों की समस्याओं के प्रति एसईसीएल की उदासीनता और उसकी वादाखिलाफी के खिलाफ किसानों में काफी आक्रोश है। आक्रोशित किसानों की बैठक सुराकछार बस्ती में हुई बैठक में बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित थे, किसानों ने बैठक में 2 जनवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव करने की रूपरेखा बनाई है।

### पुलिस विभाग...

प्रसाद पुलिस लाइन से थाना कटघोरा, सुदर्शन सिंह पुलिस लाइन से थाना लेमरु, विकास कोसले चौकी कोरबी से थाना करतला, रामकुमार पटेल सिविल लाइन से थाना करतला, अंकित पांडे पुलिस लाइन से थाना लेमरु, राजेश वर्मा पुलिस लाइन से थाना श्यांग, ननकी राम पुलिस लाइन से थाना श्यांग, कृष्ण कुमार साहू पुलिस लाइन से थाना श्यांग, भूपेंद्र साय पैकरा पुलिस लाइन से थाना पसान, उमा कुमारी करतला थाना से मानिकपुर चौकी, विकास जांगड़े पुलिस लाइन से थाना पसान, विजेश कुमार कंवर पाली से थाना दर्री, दिनेश निराला पसान से पुलिस लाइन, पुष्पेंद्र पटेल चौकी कोरबी से थाना दर्री, मीना कैवर्त श्यांग से थाना हरदीबाजार, अर्चना तिर्की चौकी मोरगा से थाना कोतवाली, परमानंद दिवाकर थाना दर्री से कोरबी चौकी, घनश्याम नाथ गोंड़ कोतवाली से स्टेनो शाखा पुलिस कार्यालय, एम माधवी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रक्षित केंद्र कोरबा पुलिस मुख्यालय कोरबा पदस्थ किया गया है।



## खबर संक्षेप



### फार्मेसिस्ट संघ ने कैबिनेट मंत्री देवांगन का किया स्वागत

**कोरबा।** जिले के फार्मेसिस्ट संघ के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन से उनके निवास पहुँचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याएं भी रखी, जिसमें फार्मेसिस्ट भर्ती में आऊट सोर्सिंग बंद किया जाए, फार्मेसिस्ट डिग्री डिप्लोमा धारियों को सम्मानजनक वेतनमान दिया जाए। बेरोजगार फार्मेसिस्ट को सरकारी अस्पतालों मे अनुभव के लिए फार्मेसी स्टोर मे रखा जाए, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए, फार्मेसिस्ट कार्य अनुभव प्रमाण पत्र दिया जाए। जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी, जिला चिकित्सालय में रिक्त पदों में शीघ्र भर्ती लिया जाए एवं कलेक्टर दर पर रखा जाए। फार्मेसिस्ट संघ की इस मांग पर कैबिनेट मंत्री देवांगन ने उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखने एवं उसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

### कोरबा से अयोध्या के लिए पैदल रवाना हुई 9 रामभक्तों की टोली



**कोरबा।** 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरा देश राममय हो गया है। श्री राम लला के दर्शन हेतु लोगों में काफी आतुरता देखी जा रही है। यही वजह है,कि मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति लोग अपने तरीके से उनके प्रति आस्था प्रकट कर रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रभु श्रीराम के ननिहाल से उनके गांव के लिए कोरबा के मुड़ापार क्षेत्र से 9 लोगों का जत्था पैदल ही निकल गया है। मुड़ापार स्थित हनुमान मंदिर में लोगों ने रामभक्तों का स्वागत सत्कार किया साथ ही टीका चंदन लगाकर उन्हें विदा किया गया।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत धतुरा के कौशिक परिवार में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन भव्य कलश यात्रा कर्मा नृत्य के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुऐ । भागवत आचार्य पं. अरविंद कुमार शर्मा अपने मुखारविंद से भागवत कथा श्रवण कराएंगे,कथा 23 से 30 दिसंबर तक होना है जोकि कथा सुबह 9 से 12 तक एवं शाम 3 प्रभु इच्छा तक होनी है,आयोजक परिवार द्वारा गांव व आस-पास के सभी भागवत प्रेमीयों से कथा श्रवण करने और भोग भंडारा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### तुलसी साहित्य अकादमी का गठन, जगदीश बने अध्यक्ष



**कोरबा।** तुलसी साहित्य अकादमी साहित्य साहित्य को जन जन तक पहुचाने का माध्यम,आम जन का साहित्य के माध्यम से राष्ट्र,समाज के हित जागरण हो इसी उददेश्य को लेकर तुलसी साहित्य अकादमी का विस्तार कोरबा जिला में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी, भोपाल डा मोहन तिवारी की सहमती पर डा राघवेंद्र कुमार दुबे प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ की अनुसंसा अनुसार जगदीश श्रीवास को कोरबा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा कार्यकारिणी की घोषणा की गयी। संरक्षक मो युनुस दानियालपुरी, कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, दिलिप अग्रवाल, कृष्ण कुमार चंद्रा, उपाध्यक्ष घनश्याम तिवारी, श्रीमती गार्गी चटर्जी, सचिव प्रभात शर्मा, जिलामंत्री रामकृष्ण साहू, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिंग, मिडिया प्रमुख श्री शनि प्रधान व कार्यकारिणी शलखनी साहू, रेशमा ठाकुर, अर्चना साहू, कविता जैन, पुष्पा सान्डिल्य, नवल जोशी नियुक्त किये गए।

## एक सप्ताह चलने के बाद हड़ताल हुई समाप्त

# तीन साल से कम सेवा वाले हड़ताली डाक सहायकों को जारी हुआ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

13 सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सहायकों द्वारा की जा रही हड़ताल एक सप्ताह चलने के बाद समाप्त हो गई। हड़ताल

**खास बात**

- संभाग के 6 डाक सहायकों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही

को लेकर डाक विभाग ने भी अपने कड़े रूख अख्तियार कर लिए थे। फलस्वरूप संभाग सर्किल के 6 डाक सहायकों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही होने के साथ-साथ जिले के 30 ऐसे डाक सहायकों को नोटिस जारी की गई है, जिनकी सेवा कार्य अवधि तीन वर्ष से कम है। ऐसे डाक सहायकों से जवाब मांगा गया है।

सतीश चंद्र कमेटी की सिफारिसों को लागू करने की मांग को लेकर ग्रामीण डाक सहायकों द्वारा 10 दिसंबर से हड़ताल की गई थी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डाक वितरण का कार्य बंद हो गया था। हड़ताल में पुराने ग्रामीण डाक सहायकों के साथ-साथ नई भर्ती में चयनित हुए ग्रामीण डाक सहायक भी शामिल थे। प्रदेश व्यापी इस हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले सरकारी दफ्तरों के डाक व्यवस्था पर भी असर पड़ा था। उनके शासकीय डाक भी जिला एवं प्रदेश मुख्यालय नहीं पहुंच रहे थे। शासकीय कार्यों पर पड़ने के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में एटीएम सहित अन्य जरूरी दस्तावेज लोगों तक पहुंचने का माध्यम एकमात्र डाक विभाग है और उनके ग्रामीण डाक सहायकों के द्वारा ही दस्तावेज पहुंचाए जाते हैं। हड़ताल पर जाने की वजह से ग्रामीणों को विशेष कर स्कूली व महाविद्याल के छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जब उनके दस्तावेज हड़ताल की वजह से उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे। डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सहायकों की हड़ताल को गंभीरता से लिया और सभी पोस्ट मास्टर को इस संबंध में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। बताया जाता है कि संभाग सर्किल के 6 ग्रामीण डाक सहायकों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। जिनमें एक डाक सहायक कोरबा सर्किल के अंतर्गत आता है। वहीं इसके अलावा कोरबा सर्किल के 30 नए ग्रामीण डाक सहायकों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया है।



फाइल फोटो

**जारी की गई नोटिस**

हड़ताल पर गए नए ग्रामीण डाक सहायक जिनकी सेवा अवधि 3 साल से कम थी। ऐसे 30 ग्रामीण डाक सहायकों को विभाग के द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उनके अंतर्गत निलंबन की कार्यवाही अभी नहीं हुई है।

-विजय कुमार दुबे,
पोस्ट मास्टर, कोरबा डाक विभाग

# जिले के थाना व चौकी में 95 बाइक स्कूटी दौड़ रही अपराधियों को पकड़ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस के अधिकारियों को अपराधियों की धरपकड़ से लेकर और दीगर काम निपटाने के लिए शासन द्वारा चार पहिया वाहन उपलब्ध कराया जाता है तो वहीं

**खास बातें**

- पुलिस मुख्यालय से समय समय पर उपलब्ध कराई जा रही है वाहन
- मात्र एक बाइक है कंडम, कुछ की हालत जर्जर

दूसरी ओर निचले स्तर की कर्मचारी आरक्षकों को भी विभागीय काम करने व गली कूचों में पेट्रोलिंग करने के लिए बाइक व महिला आरक्षकों को एक्टिवा भी उपलब्ध कराया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिला पुलिस के पास 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जो थाने में लगातार दौड़ रहे हैं। जिसमें से पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक एक मोटरसाइकिल कंडम हो चुकी है जबकि कुछ कंडम होने की कगार पर हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को सभी तरह के काम निपटाना व अपराधियों की धरपकड़ के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। समय-समय पर वाहनों की डिमांड पुलिस मुख्यालय से की जाती है और डिमांड के अनुसार ही जिलों को वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिला पुलिस को अलग-अलग वर्षों में पुलिस के जवानों व महिला आरक्षकों को काम समय पर निपटाने के लिए 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जो डिमांड के अनुसार थाना और चौकी को पुलिस मुख्यालय से आबंटित किया गया है। पुलिस लाइन से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिला पुलिस में जो 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन दौड़ रही है उसमें से एक ही वाहन कंडम हुआ है जबकि कुछ वहां और भी कंडम होने के कगार पर हैं। हालांकि विभाग द्वारा इन वाहनों का समय पर मरम्मत कराया तो जाता है लेकिन सूत्र बताते हैं कि सही समय पर मरम्मत नहीं होने की वजह से वाहन लगातार दौड़ रहे हैं। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि बाइक व एक्टिवा का सही समय पर बेहतर ढंग से मरम्मत नहीं हो पाता है। जिसकी वजह से कई वाहन कंडम होने के कगार पर हैं।



थाने में खड़े पुलिस विभाग के वाहन।

**95 बाइक व एक्टिवा उपलब्ध**

पुलिस मुख्यालय से समय-समय पर वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिला पुलिस को 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जो विभिन्न स्थानों चौकी में दौड़ रहे हैं। इसमें से मात्र एक ही वाहन कंडम हुई है बाकी शेष की स्थिति ठीक है( इन वाहनों के मरम्मत के लिए हर वर्ष शासन द्वारा राशि भी उपलब्ध कराई जाती है और डिमांड के अनुसार वाहनों का मरम्मत भी किया जाता है।

-रामेश्वर सिंह
एमटीओ, पुलिस लाइन कोरबा

# देश के भविष्य को बेहतर बनाने महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वीरता, शौर्य और बलिदान के प्रतीक के रूप में आज देशभर में वीर बाल दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर कोरबा के ट्रांसपोर्ट

**खास बात**

- साडा कन्या स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

नगर स्थित साडा कन्या विद्यालय में भी जिला स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप, जिला शिक्षा अधिकारी जी पी भारद्वाज, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित सभी अतिथियों ने विद्यालय में वीर साहबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि कर गुरू गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान और उनके सुपुत्रों की शहादत को याद किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत और अरदास की प्रस्तुति दी। श्री देवांगन ने कहा कि आज का दिन देश प्रेम की खातिर अपने प्राणों का आहूति देने वाले वीर साहबजादों की शहादत को नमन करने का दिन है, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए कड़ी यातनाओं के बाद भी हार नहीं मानी और मात्र 09 और 06 वर्ष की आयु में शहादत को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह सभी वर्ग, समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सभी वर्ग उनका आदर सम्मान करता है। सिक्ख समाज का गौरवशाली इतिहास सभी के लिए प्रेरणादायक है। श्री देवांगन ने कहा कि भारत के ऐसे ऐतिहासिक धरोहर को लोगों के सामने लाने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। देश की एकता, अखंडता को अक्षुण रखने, सामाजिक सद्भावना को बनाए रखने के लिए ऐसे वीरों के बलिदानों से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चें कल का भविष्य है। आगे चलकर इन्हें ही देश की सेवा करनी है। देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए महापुरुषों की जीवनी, उनके आदर्शों को हमें अपने जीवन मे अपनाना चाहिए। उनकी जीवनी से सीख लेना चाहिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने भी अपने विचार रखे।



कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री व अन्य अतिथि।

**कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक**

शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर बौद्धिक विचार गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी, कविता, भाषण, विचार अभिव्यक्ति जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डॉ.राजीव सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष, समाजसेवी एवं दन्त चिकित्सक, विशिष्ट अतिथि सुश्री रितू चौरसिया, पार्षद व प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा बीजेपी तथा निखिल शर्मा, अधिवक्ता अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। डॉ राजीव सिंह ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। हमें ऐसे वीर बलिद्वानों के शहादत को याद कर नए पीढ़ी को प्रेरित करना चाहिए।

# लायंस क्लब ने किया कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शीत लहर को देखते हुए मंगलवार को जगमंगल धारी हनुमान पारा छुरी में 120 गरीब परिवारों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा कि लायन्स क्लब शुरू से ही सेवा कार्यो में आगे रही है व गरीबो की सेवा करना निश्चित ही पूण्य का कार्य है आज जिस प्रकार से ठंड पड़ रही है निश्चित ही ऐसे समय मे हर किसी को किसी ना किसी माध्यम से गरीब व जरूरत मन्द लोगो की सेवा करनी चाहिए क्योंकि आपके द्वारा किये गए सेवा कार्य निश्चित ही किसी ना किसी जरूरत मन्द लोगो के काम आएगी। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, सचिव आशीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, संरक्षक राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, टेकचन्द अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, पार्षद हीरालाल यादव, मुकेश गोयल, नंदकुमार देवांगन, नितिन मित्तल सहित भाजपा विधायक के सांथ पधारे जिला महामंत्री सन्तोष देवांगन,जिला मंत्री संजय शर्मा,रघुराज सिंह उइके, मण्डल महामंत्री अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह अध्यक्ष युवा मोर्चा, देवेंद्र देवांगन नेता प्रतिपक्ष छुरी,जय गर्ग, डाकेश्वर शुक्ला सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### श्रीराम सेना चलाएगी अभियान

**कोरबा।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श और संस्कारों के समावेश से ही राम राज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। यही लक्ष्य लेकर जिले में श्रीराम सेना का गठन किया गया है। आशीष गुप्ता को श्रीराम सेना के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इस विषय पर श्रीराम सेना के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि उद्देश्य के अनुरूप सेना के सदस्य श्रीराम की मर्यादा का पाठ लेकर लोगों को उसे अपने जीवन में धारण करने, खासकर युवाओं और बच्चों में इनका संचार करने अभियान चलाया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आज कटघोरा नगर पालिका परिषद द्वारा रैन बसेरा प्रांगण में यात्रा शिविर का आयोजन कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल के मुख्य अतिथि में किया गया। इस अवसर पर रतन मित्तल अध्यक्ष नगर पालिका ,श्रीमती ललिता डिक्सेना, संजय शर्मा, धन्नू प्रसाद दुबे,पार्षद आत्मानारायन पटेल,पवन अग्रवाल, अभिषेक गर्ग, राजेन्द्र टण्डन, अजय धनोंदिया, रघुराज सिंह उइके,उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा आम नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।



# परिवार गया था गांव चोर ले उड़े स्वर्णाभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोड कालोनी निवासी हिमांशु प्रताप सूर्यवंशी शासकीय हायर सेकेंडरी स्वामी आत्मानंद स्कूल बालको में भृत्य के पद पर काम करता है। 23 दिसंबर की दोपहर 1 बजे अपने घर में ताला बंद कर परिवार सहित ग्राम सिंघरी थाना रतनपुर जिला बिलासपुर गये थे। 24 दिसंबर के दोपहर 12.30 बजे हिमांशु के पडोसी फोन कर बताये कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है तो जानकारी होने पर हिमांशु परिवार सहित घर वापस आये तो देखे कि घर का सामने गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के पीछे दरवाजे का अंदर से बंद कुंडी को धक्का देकर तोड़कर रात्रि में अंदर प्रवेश कर घर में रखे आलमारी का लाकर को तोडकर आलमारी में रखे सोने का एक मंगल सूत्र, सोने का एक जोडी झुमका, चांदी का एक जोडी पायल, एक चांदी का लक्ष्मी जी का मूर्ति, एक पंचरत्न का कृष्ण भगवान का मूर्ति, एक सोने का लाकेट, एक टाईटन कंपनी का घडी आदि सहित कुल लगभग 90 हजार रुपए को माल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। हिमांशु की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।







